हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, सोमवार 24 मार्च 2025

11 भोग के साथ अखंड वाणी पाठ का समापन



12 वार्ड-18 में गली निर्माण का शुभारंभ




# शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में संस्कारम समूह द्वारा झज्जर, बेरी और दूबलधन में आयोजित कार्यक्रमों में अभिभावकों और विद्यार्थियों का भारी जनसैलाब उमड़ा।

## 1500 से अधिक छात्रों एवं 800 अभिभावकों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया

- ओलंपियन बॉक्सर अमित पंघाल, बेरी कमेटी के चेयरमैन देवेंद्र कादयान, नगर परिषद के चेयरमैन प्रतिनिधि श्री जितेंद्र एवं श्रीमती प्रीति, पार्षद श्री नवीन छाबड़ा, सेवानिवृत्त सेना अधिकारी इंद्रजीत, पूर्व जिला पार्षद कमल सैनी, पूर्व प्रधान नाहर सिंह एवं दूबलधन के सरपंच श्री जगपाल की गरिमामयी उपस्थिति रही| प्रबुद्ध जनों का पगड़ी पहनाकर सम्मान किया गया, जबकि महिलाओं ने लोकगीतों से शहीदों को श्रद्धांजलि दी।
- कार्यक्रम के तहत संस्कारम अस्पताल द्वारा अनुभवी डॉक्टरों की देखरेख में निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया।

Glimpses of Beri Event




Glimpses of Punjabi Dharmshala Jhajjar




Glimpses of Yadav Dharamshala Jhajjar




Glimpses of Dubaldhan Event




# संस्कारम - सपनों से सफलता तक का साथ

## संस्कारम पब्लिक स्कूल से लेकर संस्कारम यूनिवर्सिटी तक –के.जी. से पी.एच.डी. तक की सम्पूर्ण शिक्षा !

**IIT-JEE** Advanced Selections



99.99 %ile
Selection in IIT (BHU) Varanasi
**Dishant S/O Mr. Devender**
Village - Paharipur




99.96 %ile
Selection in IIT Guwahati
**Chirag S/O Mr. Satender**
Village - Paharipur

**ADMISSIONS OPEN 2025-26**

✓ JEE/NEET/NDA Foundation | 100% Board Results
✓ Smart Classes | Fully Equipped Labs | Sports Excellence

### JEE Main (Session-1) Result -2025




| Name | Place | Score |
|---|---|---|
| Shubham S/o Kailash | Vill : Dubladhan | 99.98 %ile Physics |
| Samir S/o Dharambir | Hansi, Hisar | 98.54 %ile Physics |
| Tanishk S/o Naresh | Charkhi Dadri | 98.59 %ile Maths |
| Shubham S/o Ranbir | Vill : Kheri Khummar | 98.7 %ile Maths |
| Akshit S/o Amarjeet | Jhajjar | 96.13 %ile Maths |
| Arpit S/o Amarjeet | Baghpur | 94.81 %ile Maths |

### NEET SELECTION - 2024



| Name | Place | Selection |
|---|---|---|
| KHUSHI D/o PAWAN | DHAKLA | Selection in MBBS AIIMS Jodhpur |
| CHARU D/o SATISH | MASUDPUR | Selection in MBBS PGIMS Rohtak |
| ANJALI D/o VIKASH | CHAMANPURA | Selection in MBBS ESIC Faridabad |
| YASH S/o OM PRAKASH | JHAJAJR | Selection in MBBS PGIMS Rohtak |
| SHAKSHI D/o DEVENDER | KHERI KHUMMAR | Selection in MBBS PGIMS Rohtak |

**BOARD** Results 2024



| Name | Place | Class | Score |
|---|---|---|---|
| RITIKA D/o DEVENDER | JHAJJAR | CBSE CLASS XII Topper | 99% |
| KANIKA D/o BALWAN | KHERI KHUMMAR | CBSE CLASS X Topper | 98.2% |
| CHIRAG S/o RAMBIR | CHIMNI | CBSE CLASS X Topper | 98.2% |



KAJAL D/o RAKESH MAJRA
DIKSHU S/o SURENDER DUBALDHAN
KAJAL D/o SANJAY GUDHA
VAIBHAV S/o AMIT JHAJJAR
HIREN S/o SANDEEP BHADANI
TANNU D/o DEVENDER JHAJJAR
RASHMI D/o SATBIR JHAJJAR

**SANSKARAM GROUP OF SCHOOLS**

THE TIMES OF INDIA — Awarded with Times School Survey award 2025-26

**JHAJJAR CAMPUS : CALL : 8222889860, 8222889862**
NH.334B, Main Dadri Road, Khatiwas, Jhajjar (Haryana)
**PATAUDA CAMPUS : CALL : 9053007801,9053007802**
NH.71, Patauda, Near Kulana, Jhajjar (Haryana)

**खबर संक्षेप**



बहादुरगढ़। खटकड़ कलां में शहीद भगत सिंह को नमन करते कमेटी सदस्य।

### खटकड़ कलां जाकर दी शहीदों को श्रद्धांजलि

**बहादुरगढ़।** शहीद यादगार कमेटी बहादुरगढ़ के सदस्यों ने रविवार को शहीदी दिवस के मौके पर भगत सिंह के पैतृक गांव खटकड़ कलां (नवाशहर) में जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। पंजाब के विभिन्न इलाकों से लोगों ने वहां पहुंचकर अपनी श्रद्धांजलि दी। कमेटी के सदस्य राकेश वत्स, रुपेश, नीरज गुप्ता, पुष्पदेव और दीपांशु ने भगत सिंह के पैतृक घर का भ्रमण किया और इसके बाद संग्रहालय में उनसे जुड़ी वस्तुओं का अवलोकन किया।

### सैनी के दफ्तर पर किया शहीदों को नमन

**बहादुरगढ़।** रविवार को बादली रोड पर स्थित भाजपा सुशासन विभाग के जिला प्रमुख रामकंवार सैनी के कार्यालय पर शहीदी दिवस मनाया गया। उन्होंने भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु की शहादत को श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर प्रधान राजेंद्र सैनी, पूर्व सरपंच जगबीर सैनी, संजय सैनी, सागर, आनंद अहलावत, श्रीभगवान जांगड़ा व दयाराम आदि ने शहीदों को नमन किया।

## शहीद भगत सिंह चौक पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन

# शहीद भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु को किया नमन

भगत सिंह की प्रतिमा पर दुग्ध अभिषेक किया गया, दीप जलाए गए, और पुष्प वर्षा के साथ भारत माता की जय व वंदे मातरम के उद्घोष के बीच उन्हें नमन किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

शहीदी दिवस के अवसर पर स्थानीय शहीद भगत सिंह चौक पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां स्वच्छ भारत मिशन के सदस्य डॉक्टर आर के जांगड़ा ने शहीद-ए-आजम भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान भगत सिंह की प्रतिमा पर दुग्ध अभिषेक किया गया, दीप जलाए गए, और पुष्प वर्षा के साथ भारत माता की जय व वंदे मातरम के उद्घोष के बीच उन्हें नमन किया।

कार्यक्रम के संयोजक डॉक्टर आर के जांगड़ा ने कहा कि शहीद भगत सिंह, सुखदेव, और राजगुरु का बलिदान देश के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज है। उन्होंने कहा कि शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव का बलिदान युवाओं को प्रेरित करता रहेगा।



झज्जर। शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए डॉ. आर के जांगड़ा। फोटो : हरिभूमि

## शहीद यादगार कमेटी ने निकाला मशाल जुलूस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

शहीद यादगार कमेटी के कार्यकर्ताओं तथा समर्थकों ने स्वतंत्रता आंदोलन के महान क्रांतिकारी योद्धा शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव के 95वें शहीदी दिवस पर रेलवे स्टेशन से रोहतक-दिल्ली रोड तक एक मशाल जुलूस निकाला।

कमेटी सदस्य सतवीर सिंह दहिया, धर्म प्रकाश तथा जयकरण मांडौठी ने कहा कि ये महान शहीद हमारे देश के आजादी आंदोलन की समझौता-हीन संघर्ष की धारा के सशक्त प्रतिनिधि थे। वे अदम्य साहस, कुर्बानी, देशभक्ति, कर्त्तव्य परायणता, व सत्यनिष्ठा की शानदार व अनुकरणीय मिसाल पेश कर गए हैं। हमें शहीदों के जीवन संघर्षों को याद करने और उनकी शहादत से प्रेरणा लेने के साथ ही शोषण-मुक्त समाज बनाने के उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प लेना होगा। मशाल जुलूस में रामकिशन कामरेड, प्रोफेसर जगदीश राहड़, धन सिंह तहलान, अतर सिंह कौशिक, सतबीर सिंह बल्हारा, कृष्णा डॉक्टर, सतीश कुमार, लालजी, राजवीर छिल्लर, कुलदीप, प्रदीप, रविंद्र सिंह, संजीवन, रोहित, मंगल सिंह, कपिल, अंकित, मयंक, मुकेश आदि ने भाग लिया।



बहादुरगढ़। शहीदों की याद में मशाल जुलूस निकालते कमेटी सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने श्रद्धा के साथ मनाया शहीदी दिवस

**झज्जर।** ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने स्थानीय रेवाड़ी बाईपास पर शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु तथा सुखदेव का शहादत दिवस श्रद्धा के साथ मनाया। कार्यकर्ताओं ने शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पार्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। संगठन की प्रदेश कमेटी सदस्य ओमबीर सिंह ने बताया कि 23 मार्च 1931 की रात में ब्रिटिश साम्राज्यवाद ने देश की जनता के सच्चे सपूत भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव को फांसी के तख्ते पर लटका दिया था। उन्होंने युवाओं को शहीदों के दिखाएं मार्ग पर चलने का संदेश दिया। इस मौके पर ओमवीर सिंह, प्रवीण, मेनपाल, रौकी, दीपक, नितिन, अमित, वसीम खान, दिनेश मिस्त्री सहित अन्य भी मौजूद रहे।



झज्जर। अमर शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण उपरांत उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि



झज्जर। सरदार भगत सिंह का पोस्टर दिखाते हुए एनसीसी कैडेट्स।

### अमर शहीदों की शहादत को किया नमन

**झज्जर।** इंडो अमेरिकन स्कूल में अमर शहीद सरदार भगत सिंह की पुण्यतिथि पर विद्यार्थियों ने मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। एनसीसी कैडेट्स ने सरदार भगत सिंह का चित्र बनाकर सलामी देते हुए अपनी देशभक्ति प्रकट की। इस दौरान स्कूल निदेशक बिजेंद्र कादियान ने कहा कि 23 मार्च का दिन पूरे भारत में शहीदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारत में यह दिन विशेष रूप से भगतसिंह, सुखदेव और राजगुरु की याद में मनाया जाता है, जिन्हें 1931 में ब्रिटिश हुकूमत ने फांसी दे दी थी। वे तीनों भारत को आजाद कराने के लिए आखिरी दम तक लड़े। उन्होंने अपने बलिदान से देश के युवाओं को प्रेरित करते हुए स्वतंत्रता संग्राम को एक नई दिशा दी। हमें उन वीरों की शहादत को नमन करते हुए आने वाली पीढ़ी में भी देशभक्ति का जज्बा जगाना चाहिए।

## शहीदों को नमन करते हुए की अहीर रेजिमेंट के गठन की आवाज बुलंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

खेड़की दौला में अहीर रेजिमेंट की मांग को लेकर चलाए जा रहे अनिश्चितकालीन धरने पर स्थानीय यादव समाज ने पहुंच कर अमर शहीदों को नमन किया। यादव महासभा के पूर्व प्रधान वीरेंद्र दरोगा, सूबेदार मेनपाल, प्रदेश उपाध्यक्ष यादव महासभा अहीर कृष्ण दहिया, राव नाहर सिंह, कैप्टन राजेंद्र सिंह, हरीश यादव, संतराम नंबरदार, संजय यादव ने शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि अहीर रेजिमेंट की जो मांग यादव समाज द्वारा की जा रही है वह देशहित में जायज और जरूरी मांग है। इस मुहिम को इतने लंबे समय तक शांतिपूर्ण और सुचारू रूप से चलाने पर समाज के लोगों का आभार जताया। भारतीय सेना में अहीर रेजिमेंट का निर्माण नहीं हो जाता, तब तक वे इसी प्रकार से संघर्ष में सहयोग करते रहेंगे।



झज्जर। धरनारत लोगों के बीच मौजूद यादव महासभा सदस्य।



झज्जर। रक्तदाता को बैज लगाकर उत्साहवर्धन करते हुए आयोजक समिति सदस्य।

### शिविर में 74 युवाओं ने किया रक्तदान

**झज्जर।** शहर के रोहतक रोड स्थित दीनबंधु चौधरी छोटूराम धर्मशाला में शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शहीद ए आजम भगत सिंह, राजगुरु और शहीद सुखदेव के बलिदान दिवस पर आयोजित इस शिविर में स्थानीय नागरिक अस्पताल के ब्लड बैंक व रेडक्रॉस सोसायटी की टीम ने सेवाएं दीं। सिविल अस्पताल की टीम में डॉक्टर रॉबिन अहलावत, कॉउंसलर अशोक, नर्सिंग ऑफिसर ममता, एलटी सारिका, एलटी मीनाक्षी, राखी, विजय तथा रेडक्रॉस टीम में हेल्थ एजुकेटर दीपक व तुलसा मौजूद रहे। आयोजक समिति सदस्य रामअवतार दीपक गहलावत ने बताया कि इस दौरान कुल 74 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। जिसमें छह महिला रक्तदाता भी शामिल रहीं। शिविर में मुख्यातिथि के रूप में मौजूद ईश्वर वत्स, रामानंद दलाल, मनोज कुमार, रोहताश शर्मा, नवीन कुमार आदि ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर उनका उत्साहवर्धन किया।

## रिटायर्ड कर्मचारियों ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

रविवार को रिटायर्ड कर्मचारी संघ द्वारा शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन कर शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव को श्रद्धांजलि दी गई।

पुराने जलघर में आयोजित इस कार्यक्रम में जिला प्रधान दिलबाग दलाल व सचिव देवेन्द्र यादव ने कहा कि आज शहीदों की वजह से ही हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं। पूरा देश शहीदी दिवस मना रहा है। मास्टर रमेश जाखड़ ने भी शहीदी दिवस को लेकर अपने विचार रखे। कर्मचारियों ने अमर शहीद भगत सिंह की प्रतिमा के समक्ष पुष्पार्पित करते हुए देश के वीर शहीदों को नमन किया।

इस मौके पर एडवोकेट मंगत राम कौशिक, कृष्णा मलिक, राजेंद्र सिंह दलाल, मास्टर राजवीर राहड़, बलबीर सिंह यादव, विष्णु दत्त जांगड़ा, सुरेश शर्मा, फूल कुमार, राम सिंह सुहाग, रामेश्वर बिरधाना, ओमप्रकाश सिंह, महावीर सिंह, ओमप्रकाश जेई, अमन सिंह, भूरे राम, जगत नारायण, महावीर सिंह, सूबे सिंह, ईश्वर सिंह सहित अन्य भी मौजूद रहे।



झज्जर। शहीद भगत सिंह की प्रतिमा के समक्ष पुष्पार्पित करते रिटायर्ड कर्मचारी।

### कर्मचारियों को जागरूक किया

**बहादुरगढ़।** सड़क सुरक्षा सेल प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने एक कंपनी के कर्मचारियों को यातायात के नियमों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कर्मचारियों को जिम्मेदार बनने और समाज में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सभी को सड़क सुरक्षा के प्रति सजग होना चाहिए। नियम पालन करने से ही हादसों पर अंकुश लगाया जा सकता है। इसके अलावा उन्होंने नशे के प्रति भी कर्मचारियों को जागरूक किया।

## सोलधा में हुआ क्रिकेट टूर्नामेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

गांव सोलधा में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचकर भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष नवीन बंटी ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। आयोजकों ने उनका स्वागत सम्मान किया। नवीन बंटी ने कहा कि नायब सरकार खेल व खिलाड़ियों का बढ़ावा दे रही है। भाजपा सरकार द्वारा पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी, नकद इनाम तथा मान सम्मान दिया गया है।



बहादुरगढ़। नवीन बंटी को स्मृति चिह्न भेंट करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

## सीबीएसई ने अध्यापकों को दिया प्रशिक्षण



बहादुरगढ़। प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ करते सीबीएसई के पदाधिकारी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

**बहादुरगढ़।** नूना माजरा स्थित स्कॉलर्स ग्लोबल स्कूल में सीबीएसई द्वारा दो दिवसीय ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स सर्टिफिकेट कोर्स का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सीबीएसई रिसोर्स पर्सन को उन्नत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथियों के रूप में संयुक्त सचिव तरुण कुमार, मास्टर ट्रेनर इंद्रजीत मित्तल, सीबीएसई के रिसोर्स पर्सन टीके रजदान और भावना अरोड़ा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन स्कॉलर्स ग्लोबल स्कूल की वेन्यू डायरेक्टर पूनम सक्सेना के मार्गदर्शन में हुआ। प्रशिक्षण के दौरान डायरेक्ट ट्रेनर स्किल्स, एसएटी अवधारणा, बड़ों के अधिगम सिद्धांत (अनुभवात्मक चक्र), एनईपी के प्रभावी कार्यान्वयन, बाल एवं किशोर विकास, प्रशिक्षण डिजाइन, प्रेजेंटेशन स्किल्स, मेंटॉरिंग, ब्रेनस्टॉर्मिंग, ई-कंटेंट डेवलपमेंट और आईसीटी टूल्स जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रशिक्षण के दूसरे दिन प्रतिभागियों ने रोल प्ले, प्रैक्टिस सेशंस, सिंडिकेट प्रेजेंटेशन और पीयर असेसमेंट के माध्यम से अपने कौशलों का प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों ने इस प्रशिक्षण को अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रभावी बताया।



बहादुरगढ़। रीत और खुशी को बधाई देते एसीपी दिनेश कुमार। फोटो : हरिभूमि

## सुखी व रीत का किया अभिनंदन

**बहादुरगढ़।** अहलावत बॉक्सिंग क्लब में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही खुशी अहलावत ने अंडर-15 के 35 किलो और रीत ने 49 किलो में जीत हासिल कर नेशनल टीम में स्थान सुनिश्चित किया है। ये दोनों जिला व राष्ट्रीय स्तर पर पहले भी मेडल जीत चुकी हैं। दोनों बॉक्सरों का क्लब में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। दरअसल, झज्जर के महर्षि दयानंद सरस्वती स्टेडियम में 21 से 23 मार्च तक नेशनल टीम चयन के लिए बॉक्सिंग ट्रायल हुई थी। ट्रेफिक एसीपी अर्जुन अवार्डी अखिल कुमार, पहलवान बिट्टू अहलावत, रोहित अहलावत, आशीष गुलिया, तेजपाल सैनी, बलजीत दलाल, पवन मान, महावीर पहलवान, दीपक मुदगिल, देव, सुनीता, रितु दहिया, सुदेश देवी व रानी गुलिया आदि ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### गुरुकुल प्राचीन वैदिक शिक्षा प्रणाली के प्रसार में निभा रहे महत्वपूर्ण भूमिका

**झज्जर।** प्राचीन गुरुकुल महाविद्यालय में आयोजित 109वें वार्षिक उत्सव और 23वें स्वामी ओमानंद सरस्वती स्मृति दिवस कार्यक्रम के दूसरे दिन रविवार को हरियाणा के सहकारिता, जेल, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉक्टर अरविंद कुमार शर्मा ने शिरकत की। इस दौरान अपने संबोधन में डॉ. अरविंद कुमार शर्मा ने कहा कि गुरुकुल शिक्षा पद्धति में नई शिक्षा नीति का समावेश आने वाली पीढ़ी के लिए हितकारी है। गुरुकुल की परंपरा हमारे संस्कारों को मजबूती प्रदान कर रही है। गुरुकुल हमारी प्राचीन वैदिक शिक्षा प्रणाली के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। शिक्षा, संस्कार एवं ज्ञान के केंद्र गुरुकुल समाज में सकारात्मकता का भाव भर रहे हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि, जिप चेयरमैन कप्तान सिंह बिरधाना, स्वामी सुमेधानंद, स्वामी प्रणवानंद, गुरुकुल महाविद्यालय के कुलपति योगानंद शास्त्री, डॉ. सुरेंद्र हुड्डा,स्वामी विरजानंद,आचार्य देवव्रत,प्रधान महेंद्र सिंह धनखड़,मंत्री राजबीर छिकारा, रामवीर शास्त्री,उमेद आर्य, मनीष बंसल, पार्षद मिथुन शर्मा, मुकुल कौशिक, केशव सिंघल, वेद प्रिय आर्य सहित अन्य भी मौजूद रहे।



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा। फोटो : हरिभूमि



बहादुरगढ़। बैठक में शामिल जिले के विभिन्न गांवों के नंबरदार।

### सीएम से मिलेगी नंबरदार एसोसिएशन

**बहादुरगढ़।** नंबरदार एसोसिएशन बहादुरगढ़ के प्रधान शतीश नंबरदार के कार्यालय पर रविवार को नंबरदारों की मीटिंग हुई। इस मीटिंग में बहादुरगढ़, झज्जर, साल्हावास, मातनहेल व बेरी के नंबरदारों ने शिरकत की। यह मीटिंग हुकम सिंह नंबरदार सांखोल की अध्यक्षता में हुई। प्रधान शतीश नंबरदार ने बताया कि मीटिंग में नंबरदारों की समस्याओं के समाधान को लेकर जल्द ही मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में कपूर सिंह प्रधान झज्जर, विजयपाल प्रधान मातनहेल, अजय सिंह प्रधान साल्हावास, भूप सिंह प्रधान बेरी के अलावा रामकंवार बरहाना, जयभगवान लडरावण, अर्जुन धोड़, बलजीत कबलाना, रामकिशन कालियावास, जसराम नंबरदार, भीम सिंह रूढ़ियावास, रामफल सुंदरहेटी, धर्मवीर बिरोहड़, सुखबीर बिठला, रणधीर बीड, सतबीर साल्हावास व सतपाल आदि मौजूद रहे।

### प्रतियोगिता में एक हजार तीन सौ विद्यार्थियों ने लिया भाग

# किड्स कार्निवल में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

रविवार को ससंस्कारम् पब्लिक स्कूल खातीवास द्वारा विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने के उद्देश्य से जिले के गांव दूबलधन व बेरी में किड्स कार्निवल का आयोजन किया। कार्निवल में कई तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। संस्कारम् समूह के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने बताया कि बेरी कस्बे में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में इंटरनेशनल बॉक्सर अमित पंघाल व बेरी नपा चेयरमैन देवेंद्र सिंह उर्फ बिल्लू पहलवान ने शिरकत की।

दूबलधन में जगपाल सरपंच, जितेंद्र सरपंच, प्रशांत, एडवोकेट सुधीर मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रमों के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए रैंप वॉक, फ्री हैंड पेंटिंग, हैंडराइटिंग, माइंड रीडिंग टेस्ट, करियर सिलेक्शन टेस्ट जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में लगभग एक हजार तीन सौ विद्यार्थियों ने भाग लिया। नर्सरी कक्षा से 230, एलजी वेयर यूकेजी के फ्री हैंड पेंटिंग कंपटीशन में 273, कक्षा पहली व दूसरी से हिंदी इंग्लिश हैंडराईटिंग कंपीटिशन में 218, तीसरी से पांचवीं कक्षा तक के 467, छठी से आठवीं के 341 तथा कक्षा नौवीं से दसवीं तक के अनेक विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किया गया। विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके अभिभावकों के लिए भी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। आयोजित प्रतियोगिताओं में महिलाओं के लिए मेहंदी कंपीटिशन, पुरुषों के लिए लक्की ड्रॉ व बुजुर्गों के लिए कहानी व भजन प्रतियोगिताएं शामिल रहीं। अभिभावकों ने कार्यक्रम की खूब सराहना की तथा भविष्य में भी ऐसे ही और कार्यक्रम विद्यालय द्वारा आयोजित किए जाने की आशा जताई। चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने कहा कि बच्चों को स्कूल में जितनी चीजें सीखने को मिलती है उतनी कहीं अन्य नहीं मिल पाती है। ये उनके शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक विकास के लिए भी लाभदायक होती है।



झज्जर। किड्स कार्निवाल में मौजूद शिक्षक, अभिभावक व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का उठाया लाभ

कार्निवाल के दौरान शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में झज्जर, दूबलधन व बेरी में नि:शुल्क जांच शिविरों का आयोजन भी किया गया। शिविर में चिकित्सकीय टीम द्वारा स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ दवाओं का नि:शुल्क वितरण भी किया गया। शिविर में हृदय रोग, छाती रोग, पेट से संबंधित रोग, डायबिटीज, दमा, नस संबंधित रोगों की जांच व उचित परामर्श दिया गया। शिविरों में करीब डेढ़ सौ से अधिक लोगों ने लाभ उठाया। चिकित्सकीय टीम द्वारा लोगों को पौष्टिक भोजन व नियमित योगाभ्यास की भी सलाह दी गई।

## खबर संक्षेप


झज्जर। शिविर के दौरान रक्तदान करते हुए युवा। फोटो :हरिभूमि

### शिविर में 53 युवाओं ने किया रक्तदान

**झज्जर।** शहीद भगत सिंह युवा मंच, इंडेप्थ विजन फाउंडेशन तथा सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया द्वारा क्षेत्र के गांव गोरिया में कैंसर पीड़ितों की सहातार्थ रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। गांव की भूकर धर्मशाला में आयोजित इस रक्तदान शिविर में 53 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। कार्यक्रम में झाडली पुलिस चौकी इंचार्ज मुकेश कुमार ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने रक्तदाताओं को बैज लगाकर उनका उत्साहवर्धन किया। भगत सिंह युवा मंच के विक्रम, अनिल व सर्वेश ने बताया कि रक्तदान के लिए युवा जागरुक हो चुके हैं और वे दूसरे युवाओं को जागरुक कर रहे हैं। इंडेप्थ विजन फाउंडेशन से पूनम देशवाल ने बताया कि रक्तदान शिविर में एम्स बाढ़सा की टीम ने सेवाएं दीं। इस दौरान मुख्यातिथि के साथ-साथ एसआई राजेश कुमार, हैड कांस्टेबल अशोक ने भी रक्तदान किया। इस मौके पर प्रदीप, नितिन, मंजीत, योगेश सहित अन्य भी मौजूद रहे।

### यज्ञ के साथ बच्चों का किया सहयोग

**बहादुरगढ़।** थैंक्स भारत ट्रस्ट द्वारा आर्य समाज बैंक कॉलोनी में शहीदी दिवस पर बलिदानी भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की स्मृति में यज्ञ किया गया। मनीष आर्य ने बताया कि बलिदान के समय भगत सिंह की आयु मात्र 23 वर्ष थी। उनक्रांतिकारियों की बदौलत आज हम स्वतंत्र भारत में जीवन यापन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नौजवान सदैव /"गलत का विरोध और सत्य का समर्थन करें।/" ट्रस्ट के सदस्यों ने दान में जुटाए 11 हजार रुपये से बच्चों को स्टेशनरी के साथ साथ दैनिक खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाई। इस अवसर पर राहुल आर्य, सोमबीर आर्य आदि उपस्थित रहे।

## महेश्वरी भवन से लेकर लाइनपार में इस्कॉन मंदिर तक रथयात्रा से भक्तिमय हुआ माहौल

# निताईचांद गौर सुंदर की भव्य शोभायात्रा निकाली

■ भगवान श्रीकृष्ण, प्रभु निताईचांद गौर सुंदर के जयकारे लगाए गए जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

अंतरराष्ट्रीय श्रीकृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) की ओर से रविवार को शहर में श्रीनिताईचांद गौर सुंदर की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। बड़ी तादाद में श्रद्धालु नाचते गाते हुए इस यात्रा में शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने रथ को खींचा। भगवान श्रीकृष्ण, प्रभु निताईचांद गौर सुंदर के जयकारे लगाए गए। जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई। सबसे पहले महेश्वरी भवन पर श्री भगवान का श्रद्धा के साथ स्वागत किया गया। फिर सहयोगियों द्वारा मुख्य आरती हुई और प्रसाद वितरण हुआ। छप्पन भाग लगाने के बाद प्रभु को रथ पर विराजा गया। दोपहर को यात्रा आरंभ हुई। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता दिनेश कौशिक सेवामूर्ति मौजूद रहे। बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष यात्रा में शामिल थे। जगह-जगह यात्रा का भव्य स्वागत हुआ। पूरा इलाका श्रीकृष्ण के जयकारों से गूंज उठा। इस तरह से यात्रा दिल्ली-रोहतक रोड, बराही रोड, रेलवे रोड, लाल चौक, नाहरा-नाहरी रोड से होते हुए यात्रा लाइनपार के इस्कॉन मंदिर में संपन्न हुई। यात्रा के समापन पर मंदिर परिसर में धार्मिक कार्यक्रम हुआ। लोगों को इस पर्व का महत्व बताया गया। प्रबोधानंद सरस्वती स्वामी महाराज जी ने बीते 3 दिनों तक गौर कथा सुनाई। उन्होंने भी यात्रा में शामिल रहे लोगों को आशीर्वाद दिया। मंदिर प्रमुख नित्यानंद आश्रयदास ने कहा कि केवल भगवान की कृपा से ही सुखी नहीं आते, उनके लिए प्रभु खुद रथ भक्तों पर कृपा बरसाते हैं।


बहादुरगढ़। इस्कॉन की शोभायात्रा में रथ खींचते दिनेश कौशिक व अन्य।


झज्जर। श्रीमद्भागवत कथा का वाचन करते हुए आचार्य पुनीत महाराज।

### बच्चों को धर्म और आध्यात्म का ज्ञान देना जरूरी : पुनीत महाराज

झज्जर : शहर के चौधरियान मौहल्ला स्थित श्रीगोपाल मंदिर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथा वाचक बाल व्यास पुनीत महाराज ने भक्त प्रह्लाद, राजा परीक्षित और सुखदेव प्रसंग की कथा सुनाई। कथा वाचक ने भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि बचपन में दिया गया धार्मिक ज्ञान जीवन भर साथ रहता है। इसलिए बच्चों को धर्म और आध्यात्म का ज्ञान देना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि माता-पिता की सेवा और समाज में प्रेम से रहना ही धर्म का मूल है। अच्छे संस्कारों का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि भक्त ध्रुव को मात्र पांच वर्ष की आयु में भगवान के दर्शन हुए। उन्होंने बताया कि एक बार वन में राजा परीक्षित को प्यास लगी और समाधिक समीक ऋषि से जल मांगा। जब ऋषि ने प्रतिक्रिया नहीं दी, तो क्रोधित राजा ने उनके गले में मृत सर्प डाल दिया। इस घटना की जानकारी मिलने पर ऋषि के पुत्र ने शाप दिया कि सात दिन में तक्षक नाग राजा को डस लेगा। समीक ऋषि को जब यह पता चला, तो उन्होंने दिव्य दृष्टि से देखा कि यह कलियुग का प्रभाव था। राजा परीक्षित को जब यह बात पता चली, तो वे अपना राज्य पुत्र जन्मेजय को सौंपकर गंगा तट पर चले गए। वहां अनेक ऋषि-मुनि एकत्र हुए और अंत में व्यास पुत्र शुकदेव का आगमन हुआ, जिनका सभी ने सम्मानपूर्वक स्वागत किया। कथा श्रवण के दौरान भक्तों ने धार्मिक गीतों पर खूब आनंद लिया और भाव विभोर हो उठे।

### भोग के साथ अखंड वाणी पाठ का समापन

**बहादुरगढ़।** शहर के शक्ति नगर में आयोजित संत गरीबदास महाराज की अखंड वाणी पाठ का रविवार को भोगग के साथ समापन हो गया। श्रद्धालुओं ने दरबार में शीश झुकाकर आशीर्वाद लिया और मन्नतें मांगी। इस दौरान आयोजित भंडारे में असंख्य लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। दरअसल, शक्ति नगर के निवासी अजीत सिंह धनखड़ के यहां तीन दिवसीय अखंड वाणी पाठ का आयोजन किया गया। पहले दिन शुक्रवार को छुड़ानी धाम के गद्दीनशीन महंत दयासागर ने वाणी पाठ का प्रकाश किया। शनिवार को संतों की मौजूदगी में मध्य भोग लगा। इस दौरान पाठियों और संतों ने लोगों को प्राणीहित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। रविवार को टांकडी धाम के महंत कमल सागर वाणी पाठ के भोग अवसर पर संगत को सत्संग फरमाया। उन्होंने कहा कि संत गरीबदास जी महाराज ने समाज से हर तरह की बुराई को मिटाने का संदेश अपनी वाणी में दिया है। भगवान की प्राप्ति के लिए बुराइयों का त्याग करना जरूरी है। पाठियों की मौजूदगी में धनखड़ परिवार व श्रद्धालुओं ने दरबार में शीश झुकाकर गरीबदास महाराज से मन्नतें मांगी। अंत में भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें असंख्य लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। जयश्री धनखड़, प्रवीण धनखड़, रजनी, अतुल व भूमि आदि ने प्रसाद वितरण किया।


बहादुरगढ़। शक्ति नगर में किया जा रहा अखंड वाणी पाठ। फोटो :हरिभूमि


बहादुरगढ़। रविवार को रंगोली बनाते बादली कॉलेज के स्वयंसेविकाएं। फोटो :हरिभूमि

## तनाव प्रबंधन को लेकर किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

बादली के चौ धीरपाल राजकीय महाविद्यालय में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस कैंप के चौथे दिन देवरखाना से आए आशीष और कौशल ने सभी स्वयंसेवकों के साथ ही एनएसएस प्रभारी डा. रेणु व डा. संदीप को योगाभ्यास करवाया।

इसके बाद डा. शिव खाण्डेकर ने तनाव प्रबंधन को लेकर स्वयंसेवकों को टिप्स दिए। कैंप के दौरान सोमवार 24 मार्च को रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। रविवार को कैंप के दौरान रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन कर शहीदों को नमन किया गया। स्वयंसेवकों के लिए खेल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

### रविवार को हुए क्वार्टर फाइनल मुकाबले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

■ सोमवार को अंतिम दिन सेमीफाइनल व फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे

हरियाणा फुटबाल एसोसिएशन की ओर से चार दिवसीय राज्य स्तरीय सीनियर महिला फुटबाल चैंपियनशिप के तीसरे दिन रविवार को क्वार्टर फाइनल मुकाबलों का आयोजन किया गया। पहले मैच में हिसार ने राई सोनीपत को 7-0 से, गुरुग्राम ने रेवाड़ी को 1-0 से हराकर सेमीफाइनल मे प्रवेश किया। तीसरे मैच में भिवानी की टीम सोनीपत से 2-0 से हराया। सोमवार को अंतिम दिन सेमीफाइनल व फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। हरियाणा फुटबाल एसोसिएशन के अध्यक्ष सूरजपाल अम्मू व पूर्व पुलिस महानिदेशक रंजीव दलाल समापन समारोह में मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर अशोक गुलिया, ओम तंवर, सुमित, संदीप, मंदीप तंवर, प्रदीप कोच, राजू दलाल, पदम दलाल, अनिल कोच, प्रदीप, विक्की गुलिया, रामभक्त बादली, सतीश मौजूद रहे।

## स्वयंसेवकों ने किया स्वच्छता के प्रति जागरूक


झज्जर। जरुरतमंद लोगों में वस्त्र वितरण करते हुए स्वयंसेवी। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

■ स्वयंसेवियों ने दादरी के नजदीक स्थित कपूरी की पहाड़ी का भ्रमण करते हुए वहां स्थित मुखराम नाथ मंदिर में ध्यान किया

राजकीय महाविद्यालय बिरोहड़ में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के छठे दिन स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय प्रांगण के बाग-बगीचों और पार्किंग की साफ-सफाई करते हुए श्रमदान किया। प्रातः कालीन सत्र में स्वयंसेवियों ने के झुग्गी झोपड़ी क्षेत्र में वस्त्र, पेय पदार्थ आदि का दान करते हुए वहां के निवासियों को शिक्षा ग्रहण करने एवं साफ-सफाई रखने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम अधिकारी सुनीता ने बताया कि स्वयंसेवियों ने दादरी के नजदीक स्थित कपूरी की पहाड़ी का भ्रमण करते हुए वहां स्थित मुखराम नाथ मंदिर में ध्यान किया। भ्रमण के दौरान एनएसएस यूनिट टू के कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर सवीन, डॉक्टर पवित्रा, कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर पवन सहित अन्य भी मौजूद रहे।

## कैंप के पोस्टर स्लोगन बनाए


बहादुरगढ़। पोस्टर स्लोगन बनाते छारा कॉलेज के स्वयंसेवक। फोटो :हरिभूमि

■ योगाचार्य जगदीश सहवाग के निर्देशन में स्वयंसेवकों ने योगासनों का अभ्यास किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

छारा के चौधरी हरद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय में सात दिवसीय एनएसएस शिविर के तीसरे दिन रविवार को योगाचार्य जगदीश सहवाग के निर्देशन में स्वयंसेवकों ने योगासनों का अभ्यास किया। सहवाग ने स्वयंसेवकों को योग के महत्व से अवगत करवाया। लिपिक लोकेश ने स्वयंसेवकों को साइबर सुरक्षा पर व्याख्यान दिया। सायंकालीन सत्र में पोस्टर मेकिंग व स्लोगन राइटिंग कंपीटिशन करवाया गया। शहीदों को नमन विषय पर छात्रों ने शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव से संबंधित प्रेरक पोस्टर व स्लोगन बनाए। कार्यक्रम अधिकारी मंजू मलिक ने स्वयंसेवकों को आजादी में हमारे देश के शहीदों के योगदान के बारे में जानकारी दी।

## सनातनी संस्कृति, संस्कार और नवाचार हमारी ताकत

**झज्जर।** स्वामी दयानंद ने अपना संपूर्ण जीवन समाज सुधार और ज्ञान से उजाला करने को समर्पित कर दिया। उनकी सुधारवादी विचारधारा से ही स्वदेशी और स्वराज मंत्र मिला। स्वामी जी के इसी मंत्र से प्रेरित होकर देश की आजादी के लिए अनेक देशवासियों ने त्याग और बलिदान दिया। स्वामी जी विचारधारा आज भी हमें नवाचार की ओर अग्रसर करती है। भारत वर्ष की इस समृद्ध परंपरा को गुरुकुल आगे बढ़ा रहे हैं। यह बात भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने गुरुकुल महाविद्यालय के 109वें वार्षिक समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि गुरुकुल ने इस क्षेत्र में सनातनी परंपरा और नैतिकता की शिक्षा को निरंतर आगे बढ़ाने का सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने शहीदी दिवस पर शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुख्देव को नमन किया।

### भंडारे के साथ श्रीमद् भागवत कथा संपन्न

बहादुरगढ़। शहर के शांति मंदिर में 17 मार्च से चल रही श्रीमद् भागवत कथा का समापन हो गया। कथा व्यास से हित हरिशरण महाराज (वृंदावन धाम) ने बताया कि सच्चे मन से की गई निस्वार्थ भक्ति करने वालों का मार्ग सदैव सरल होता है। इसलिए हमें ईश्वर भक्ति के मार्ग को जीवन में सदैव अपनाना चाहिए। रविवार को भंडारे के साथ कथा का समापन हुआ।

## विद्यार्थियों को किया मेहनत करने के लिए प्रेरित


झज्जर। शिक्षकों से मिलकर अपने बच्चों के वार्षिक परीक्षा परिणाम की जानकारी लेते हुए अभिभावक। फोटो :हरिभूमि

**झज्जर।** एमआर स्कूल हसनपुर में विद्यार्थियों के वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा के साथ-साथ अध्यापक-अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया। वार्षिक परीक्षा परिणाम जानने के लिए विद्यार्थी अपने अभिभावकों के साथ पहुंचे। कक्षा पर्यवेक्षकों ने अभिभावकों को विद्यार्थियों के वार्षिक परीक्षा परिणाम से अवगत कराया। विद्यालय निदेशक सोमबीर कोडान ने बेहतर परिणाम आने पर विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उन्हें भविष्य में भी निरंतर मेहनत के लिए प्रेरित किया। इस दौरान कक्षा में पहले से पांचवें स्थान पर आने वाले तथा कक्षा में सबसे ज्यादा उपस्थित रहने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा अभिभावकों के लिए सामान्य प्रश्नोतरी प्रतियोगिता के साथ गणित पहेली का आयोजन भी किया गया। विद्यालय की प्राचार्या नेहा शर्मा ने मौजूद अभिभावकों के समक्ष स्कूल की उपलब्धियां व विद्यार्थियों को दी जा रही शैक्षणिक सुविधाओं की जानकारी दी।

## भारतीय ज्ञान प्राप्त होने पर जीवन में दुख स्पर्श भी नहीं कर सकता : रामनाथ झा

# मानव को विकृतियों से हटकर संस्कृति की ओर होना चाहिए उन्मुख

■ एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

माजरा दूबलधन स्थित तपोभूमि जटेला धाम में स्वामी नितानंद वाणी प्रचार प्रसार समिति एवं जनता कॉलेज चरखी दादरी के द्वारा एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह संगोष्ठी उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा द्वारा अनुमोदित स्वामी नितानंद की वाणी : मूल्य चिंतन और सार्थकता विषय पर आयोजित की गई। स्वामी नितानंद महाराज की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पीठाधीश्वर महंत राजेंद्र दास ने की। उन्होंने कहा कि मानव को विकृतियों से हटकर संस्कृति की ओर उन्मुख होना चाहिए। जनता महाविद्यालय चरखी दादरी के प्राचार्य डॉक्टर यशवीर सिंह ने संगोष्ठी का परिचय प्रस्तुत किया। प्रथम सत्र में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय दिल्ली के प्रोफेसर रामनाथ झा ने भारतीय ज्ञान परंपरा के ऊपर विस्तार व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि भारतीय ज्ञान प्राप्त होने पर जीवन में दुख स्पर्श भी नहीं कर सकता है। उन्होंने मनीषा पंचकम और मातृ मंचकम जैसे ग्रंथ पढ़ने के लिए मौजूदा जनसमूह को प्रेरित किया। दूसरे सत्र में वक्ता दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर पूरनचंद टंडन ने स्वामी नितानंद कृत सत्य सिद्धांत प्रकाश में सामाजिकता का बोध, सहजता में गहनता, विद्या माया, अविद्या माया, प्रकृति प्रदत्त भोजन आदि विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने स्वामी नितानंद की वाणी के प्रचार-प्रसार के लिए भी अनेक सुझाव दिए। संगोष्ठी में डॉक्टर हेमलता शर्मा, डॉक्टर किरण, डॉक्टर दयानंद कादियान, डॉक्टर सुमन कुंडू, डॉक्टर महेश कुमार, शोधार्थी आशु, मनीषा, पूजा, सुनीता, रजनी, प्रीति सहित पचास प्राध्यापकों एवं शोधार्थियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। इस मौके पर डॉक्टर मनमोहन शर्मा, जब्बर सिंह, मास्टर चांद, मास्टर राजबीर, होशियर सिंह, डॉक्टर अजय कादियान, डॉक्टर लक्ष्मी नारायण, डॉक्टर महेंद्र सिंह सहित अन्य भी मौजूद रहे।


झज्जर। कार्यक्रम में महंत राजेंद्र दास के साथ मौजूद प्राध्यापक एवं शोधार्थी। फोटो :हरिभूमि

## ब्राह्मण महासभा को सौंपे एक लाख एक हजार रुपये


बहादुरगढ़। महासभा के प्रतिनिधियों को राशि सौंपते समिति सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

ब्रह्म समाज सेवा समिति के निर्णय अनुसार श्री ब्राह्मण महासभा झज्जर के लिए सभी सदस्यों से अनुदान राशि एकत्रित गई। सदस्यों से 1 लाख 1 हजार 111 रुपये की अनुदान राशि संग्रह कर सम्मान सहित महासभा के सदस्यों को सौंपी गई। इस मौके पर प्रधान राजेंद्र शर्मा, सचिव घनश्याम, नीरज वत्स, सुनील पारीक, पूनम पटवारी, सुरेंद्र, अनिल, रघुवीर कौशिक व मदन तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### अग्निपथ और रेगुलर एंट्री के लिए लगेंगे पंजीकरण सहायता कैंप

**झज्जर**। सेना भर्ती कार्यालय रोहतक द्वारा अग्निपथ योजना और रेगुलर एंट्री भर्ती 2025-26 के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। सेना में भर्ती होने के इच्छुक युवाओं के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को लेकर सहायता कैंप का आयोजन किए जाएंगे। यह कैंप जिले में 28 व 29 मार्च को लगाए जाएंगे। 28 मार्च को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुढ़ा में व 29 मार्च को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिसाहन में आयोजित होंगे। सेना भर्ती कार्यालय रोहतक के निदेशक ने बताया कि रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को आसान बनाने और युवाओं को सही मार्गदर्शन देने के लिए यह कैंप आयोजित किए जा रहे हैं।

### वाहन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**झज्जर** । क्षेत्र के जहाजगढ़-बेरी मार्ग पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक का शव सड़क पर पड़े देखा तो एक राहगीर द्वारा पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस को दी शिकायत में बेरी के चुल्याण पाना निवासी राजबीर ने बताया कि जब वह शनिवार की रात करीब आठ बजे जहाजगढ़-बेरी रोड पर जा रहा था एक व्यक्ति का शव सड़क पर पड़ा था। प्रथम दृष्ट्या ऐसा प्रतीत हो रहा था कि किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उसकी मौत हुई है। सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को बेरी के अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने आसपास के थानों में युवक के फोटो व सूचना पहचान के लिए भेजे है। लोगों से भी पूछताछ की जाएगी।

### होली पर घायल हुए युवक ने दम तोड़ा

**बहादुरगढ़**। लाइनपार के नेताजी नगर में फाग के दिन गली में गिरकर चोटिल हुए व्यक्ति ने दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान सुरेंद्र के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, उत्तराखंड मूल का सुरेंद्र आधुनिक औद्योगिक क्षेत्र की एक फैक्ट्री में काम करता था। फाग के दिन वह घर से जब बाहर निकला तो गली में गिरकर चोटिल हो गया। उसे परिवार के सदस्य शहर के एक निजी अस्पताल में भी लेकर गए जहां वह तीन दिन उपचाराधीन भी रहा। बाद में उसे घर भेज दिया गया। सुरेंद्र जब घर पर था तो बीती देर शाम को उसकी फिर से तबीयत बिगड़ गई। परिवार के सदस्य व परिचित उसे ईलाज के लिए नागरिक अस्पताल में ले जा रहे थे तो बीच रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। सुरेंद्र तीन बच्चों का पिता था। थाना लाइनपार से जांच अधिकारी तेजपाल का कहना है कि इस मामले में फिलहाल घटना को हादसा मानकर कार्यवाही की है। युवक की मौत से परिजनों में शोक का माहौल है।

# कानोंदा में युवक की हत्या कर शव कुएं में फेंका, परिजन बोले- रंजिश में हत्या

■ बहनों की शिकायत पर गांव के दो युवकों के खिलाफ केस दर्ज ■ बोलीं-भाई को धमकी दे रहे थे आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

गांव कानोंदा के खेतों में स्थित कुएं में एक व्यक्ति का शव शव मिला। व्यक्ति के सिर में चोट के निशान पाए गए हैं। हत्या की आशंका जताई जा रही है। परिजनों ने गांव के ही दो लोगों पर हत्या कर शव कुएं में फेंकने का आरोप लगाया है। सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच के बाद ही मामले की असल हकीकत सामने आ सकेगी। मृतक की पहचान पवन के रूप में हुई है। गांव कानोंदा का रहने वाला था।

## पुलिस शव बाहर निकलवाया

रविवार की सुबह गांव के खेतों में स्थित एक कुएं में उसका शव देखा गया। किसी की नजर पड़ी तो पुलिस को सूचना दी गई। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। कुएं से शव को बाहर निकाला गया तो मृतक की पहचान हो सकी। इसके बाद उसकी बहनों को बुलाया गया। परिजनों के बयान के बाद पुलिस ने शव को नागरिक अस्पताल में ले जाकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कराई। पुलिस




■ गांव की भूमि बेचने की तैयारी कर रहा था पवन

■ युवक की सिर पर चोट के निशान मिले

को दी शिकायत में बाकनेर दिल्ली की निवासी सुनीता का कहना है कि हमारा भाई पवन गांव में अकेला रहता था। भाई के नाम पर पैतृक मकान सहित कुछ जमीन है। उसे यह जमीन बेचनी थी।

गांव के ही राहुल नाम के शख्स से उसने जमीन बेचने के संबंध में बातचीत कर रखी थी। पखवाड़ा भर पहले पवन मेरे पास आया था। तब उसके साथ राहुल व एक अन्य युवक भी था।तब मैंने पवन से कहा कि पहले अपने परिवार के लोगों से जमीन बेचने की बात करो। यदि परिवार का कोई जमीन नहीं खरीदता है तो फिर किसी को भी बेचो। इस बात पर राहुल बिफर गया और मेरे भाई से कहा कि तुमने मुझ से बात की थी, अब मुकर रहे हो। राहुल ने हमें बयाना देने की बात कहकर दस महीने का समय मांगा था। इसलिए हमने जमीन बेचने से उसको मना कर दिया। फिर उसने भाई को धमकी दी।

तब मैंने अपने भाई को कुछ दिन के लिए वहां रोक लिया। इसके बाद वह वापस कानोंदा में आ गया। अब रविवार की सुबह सूचना मिली कि भाई पवन का शव कुएं में मिला है। मौके पर आकर देखा तो उसके सिर में चोट के निशान थे। अपने स्तर पर पता चला कि रात को पवन कुएं पर राहुल और अमित के साथ था। संभवतः उन्हीं दोनों ने जमीन की रंजिश रखते हुए चोट मारकर भाई की हत्या की और उसे कुएं में फेंक दिया। मेरे भाई को तैरना आता था। मामले में जांच की जाए। उधर, सदर थाना पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर लिया है। जांच की जा रही है। जल्द ही मामले को सुलझाएंगे।

## युवक पर ईंट से हमला, गला घोंटने का प्रयास

**बहादुरगढ़**। गांव गुभाना में एक युवक पर ईंट से हमला कर दिया गया। हमले में उसे गंभीर चोट आई। उसे दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल की हालत गंभीर है। परिजनों के बयान पर इस संबंध में केस दर्ज हुआ है। गांव गुभाना की निवासी स्वीटी का कहना है कि आशीष मेरा छोटा भाई है। गत 21 मार्च को वह अपने दोस्तों के साथ ढांसा बादली में आयोजित शादी समारोह में गया था। रात करीब 12 बजे मेरे पास भाई के दोस्त का मेरे पास फोन आया। उसने बताया कि आपके भाई पर कुछ युवकों ने ईंट से हमला कर दिया है। एक युवक ने शर्ट से उसका गला घोंटने की कोशिश की। रात करीब 12 बजे यह सूचना मिली थी। हम तुरंत गांव के अड्डे पर पहुंचे तो वहां खंभे से गाड़ी टकराई हुई थी। नजदीक ही भाई गंभीर हालत में खून से लथपथ मिला। हम उसे अस्पताल में ले गए। जहां से उसे सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया। उधर, सूचना पाकर बादली थाने से पुलिस अस्पताल में पहुंची। स्वीटी के बयान पर पुलिस ने चार नामजद युवकों पर केस दर्ज कर लिया है। हमले की वजह अभी स्पष्ट नहीं है।

# सड़क दुर्घटना में ट्रैक्टर चालक की जान गई



बहादुरगढ़। हादसे के बाद ट्रॉली के नीचे पड़ा आशीष का शव।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

गांव टांडाहेड़ी में सड़क हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू करा दी है।

मृतक की पहचान करीब 30 वर्षीय आशीष के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, आशीष मूलतः दिल्ली से था और फिलहाल यहां शक्ति नगर में रह रहा था। सराय औरंगाबाद स्थित एक स्टॉक पर काम करता था। रविवार की सुबह सीमेंट से लोड ट्रैक्टर ट्राली लेकर जा रहा था। जब टांडाहेड़ी में पहुंचा तो उसने सड़क के गड्ढे से ट्रैक्टर को बचाने का प्रयास किया। इस वजह से ट्रैक्टर अनियंत्रित हुआ और वह ट्रैक्टर से नीचे गिर गया। दुर्घटनावश ट्रैक्टर व सीमेंट से भरी ट्रॉली भी पलट गई और नीचे दबने से आशीष की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर सदर थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। आशीष के साथ ट्रैक्टर पर एक मजदूर भी सवार था। उसे काफी चोट आई है। बताते हैं कि जब आशीष ढाई वर्ष का था तो उसके पिता की मृत्यु हो गई थी। फिर उसके नाना उसे अपने पास ले आया था। नाना ने ही उसका पालन पोषण किया था।

# वार्ड-18 में गली निर्माण का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

विधायक राजेश जून ने धर्म विहार की गली नंबर 11 के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया है। पूर्व पार्षद युवराज छिल्लर व वार्ड 18 के निवासियों ने विधायक का स्वागत कर आभार जताया।

■ निर्माण कार्य में कोताही सहन नहीं करेंगे : जून

यह गली नाला रोड से लेकर मंगल बाजार चौक तक 10 लाख में सीसी की बनाई जाएगी। विधायक ने नारियल फोड़कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया और अधिकारियों व ठेकेदार को गली निर्माण में किसी तरह की कोताही नहीं बरतने की हिदायत दी।

उन्होंने बताया कि पानी निकासी के लिए पाइप लाइन भी इस दौरान बिछाई गई है। वार्ड में स्ट्रीट लाइटें भी लगवाई जा रही हैं। जल्द ही नई सीवर लाइन बिछाई जाएगी। इस दौरान जेई आशीष यादव, तकदीर दलाल, रणबीर आर्य, शांति स्वरूप, राजेश दहिया, सुरेंद्र तहलान, मेहर सिंह, दलबीर, तकदीर छिकारा, नरेश दलाल, सुरेंद्र दलाल, ऋषिपाल ठेकेदार, अजीत, राजकुमार, ओमप्रकाश, प्रवेश, जगबीर मलिक व सुरेंद्र भारती आदि मौजूद रहे।




बहादुरगढ़। गली निर्माण का नारियल फोड़ते विधायक राजेश जून।

## छोटूराम नगर के पास रेलवे ट्रैक पर शव मिला नहीं हो सकी पहचान

**बहादुरगढ़**। छोटूराम नगर के पास रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति का शव मिला। ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत हुई है। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को नागरिक अस्पताल में रखवा दिया है। जांच अधिकारी राकेश कुमार के अनुसार, शुक्रवार की देर रात को सूचना मिली थी। मौके पर गए तो ट्रैक पर व्यक्ति का शव मिला। मौके से पहचान संबंधित कोई दस्तावेज नहीं मिला। मृतक की उम्र करीब 45 वर्ष आंकी जा रही है। फिलहाल शव को 72 घंटे के लिए नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया गया है। इस समयावधि में पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

■ पुलिस ने शव को पहचान के लिए नागरिक अस्पताल में रखवाया

## शहीदों को दी श्रद्धांजलि




**झज्जर**। क्षेत्र के गांव भदाना की चौपाल में भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा व अंशुल शर्मा द्वारा शहीदी दिवस उपलक्ष्य में शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव सिंह का रेखाचित्र बनाकर उन्हें नमन किया गया। मुकेश शर्मा ने बताया कि 23 मार्च, 1931 को लाहौर की सेंट्रल जेल में अंग्रेजी सरकार द्वारा भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव सिंह को फांसी की सजा दी गई थी। भारत की आजादी के लिए इन युवा क्रांतिकारियों ने अपने प्रयासों से अंग्रेजी हुकूमत की नींव हिला दी थी। चौपाल रंगोली में भूतपूर्व सैनिक देवीदत्त शर्मा, सूबेदार सुभाष शर्मा, मीर सिंह कौशिक, मास्टर वेदप्रकाश, देवेंद्र वशिष्ठ, नसीब कौशिक, राजेश्वर वशिष्ठ, संजय पटवारी, राहुल वशिष्ठ, टिंकू वशिष्ठ, हिमांशु वशिष्ठ, केशव शर्मा, अर्जुन शर्मा, अलीशा शर्मा, बबिता शर्मा सहित अन्य भी मौजूद रहे। *...संबंधित समाचार पेज 11 पर*

# ढाबे पर युवकों पर डंडों से हमला पीजीआई रेफर, मुकदमा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

एचएल सिटी के पास स्थित एक ढाबे पर दो युवकों पर डंडों से हमला कर दिया गया। हमले में दोनों को काफी चोट आई। उन्हें पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है। नयागांव के निवासी मनोज का कहना है कि वह आरओ का काम करता है।

## शोर मचाने से रोका था

वह अपने दोस्त के साथ एचएल सिटी के पास स्थित एक ढाबे पर खाना खा रहा था। तभी वहां पर कुछ युवक आए और शोर शराबा करने लगे। हमने उनको शोर करने से मना किया तो उन्होंने हम पर हमला कर दिया। डंडों से प्रहार किए।

## धमकी देकर फरार

इस हमले में हमें काफी चोट आई। इसके बाद वे धमकी देकर भाग गए। हमें अस्पताल में ले जाया गया। जहां से पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया। उधर, सदर थाना पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। हमलावरों का पता लगाया जा रहा है।

# स्कॉलरशिप टेस्ट के लिए 850 ने करवाया रजिस्ट्रेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

एलए सीनियर सैकेंडरी स्कूल में स्कॉलरशिप टेस्ट के लिए करीब साढ़े आठ सौ विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया। स्कूल प्राचार्य निधि कादियान, स्कूल मैनेजर केएम डागर, स्कूल एचओडी रविंद्र लोहचब, पिंकी अहलावत, पुष्पा यादव ने अपने बच्चों के साथ स्कूल परिसर पहुंचे अभिभावकों का अभिनंदन किया तथा विद्यार्थियों को कक्षा अनुसार स्कॉरलशिप टेस्ट दिलवाया। इस दौरान स्कूल संचालक जगपाल गलिया, जयदेव दहिया, अनीता गुलिया व नीलम दहिया, डीपीई अमित लोहचब, संजीत सांगवान, म्यूजिक टीचर जितेंद्र, भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा भी मौजूद रहे।

■ एलए सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बच्चों ने दी परीक्षा



# 56 लोगों ने किया रक्तदान



**बहादुरगढ़**। सूर्या फाउंडेशन द्वारा रविवार को जाखौदा गांव में युवा मित्र मंडल के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में गांव के युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए शहीद भगत सिंह व उनके साथियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कैंप में 56 लोगों ने रक्तदान किया। इस मौके पर फाउंडेशन के सदस्य मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

■ शहर की सड़कों व गलियों में भटकते गोवंश बन रहे हादसों को सबब

# महावीर मंदिर वाली गली में गोवंश ने युवक को बुरी तरह से रौंदा, वाहन किए क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर में बेसहारा गोवंशों की भरमार है। सड़कों, गलियों में भटकते ये गोवंश आम नागरिकों के लिए प्राण घातक साबित हो रहे हैं। बीती रात को भी यहां गोवंश ने दो युवकों पर हमला कर दिया। एक युवक को तो बुरी तरह से रौंद दिया। घटना की सीसीटीवी फुटेज इंटरनेट मीडिया पर वायरल है। लोगों ने प्रशासन से बेसहारा गोवंशों की आबादी से बाहर सुरक्षित स्थान पर व्यवस्था करने की मांग उठाई है।

■ कुछ दिन पहले गोवंश के हमले में हुई थी एक युवक की मौत

यह घटना शहर में में बाजार से सटी महावीर मंदिर वाली गली में हुई है। दरअसल, शनिवार की रात को यहां गली में कुछ गोवंश भटक रहे थे। इसी दौरान वे उग्र हो गए और गली से गुजर रहे लोगों पर हमला करने लगे। दो युवक गोवंश की चपेट में आ गए। हालांकि एक तो जैसे तैसे वहां से बच भागा लेकिन दूसरा नहीं निकल सका।



बहादुरगढ़। गोवंश से युवक को बचाने का प्रयास करते लोग।

## गोवंश के हमलों से दहशत में लोग

लोगों में दहशत फैल गई। लोगों का कहना है कि बहादुरगढ़ में बड़ी संख्या में बेसहारा गोवंश हैं। इनकी वजह से कई बार हादसे से हो चुके हैं। कुछ दिन पहले माल गोदाम रोड पर एक प्रवासी युवक की गोवंश के हमले में मौत हुई थी। इसके अलावा पहले भी कई लोगों की मौत हो चुकी है।

लगभग दो मिनट तक एक गाय युवक पर हमला करती रही। कभी दांतों और सींगों से तो कभी खुरों से हमले जारी रखे। आसपास मौजूद लोगों ने पानी और डंडे के जरिए युवक को बचाने का प्रयास किया लेकिन गोवंश शांत होने का नाम नहीं ले रहा था। काफी प्रयासों के बाद युवक को बचाया जा सका। घायलों की पहचान चीनू और अमन के रूप में हुई है। इस दौरान वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए।

# शहर को बदसूरत बना रहे गंदगी व कूड़े के ढेर

**बहादुरगढ़**। वेतन की मांग को लेकर अनुबंधित सफाई कर्मचारियों की हड़ताल रविवार को सातवें दिन प्रवेश कर गई। कर्मचारियों की हड़ताल से शहर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो गई है। गली मोहल्लों, चौक-चौराहों पर लगे गंदगी के ढेर बीमारियों को निमंत्रण दे रहे हैं। कर्मचारियों की मानें, तो उन्हें समय पर वेतन नहीं मिलता। फिलहाल भी तीन महीने का वेतन बकाया है। वेतन की मांग को लेकर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से गुहार लगा चुके हैं लेकिन कहीं भी हमारी सुनवाई नहीं हो रही। इसी वजह से हड़ताल की गई है। इस हड़ताल को सात दिन हो गए हैं लेकिन अभी तक भी उनकी समस्या पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया जा रहा। हम इस बार किसी के भी आश्वासन पर नहीं मानेंगे। हमें हमारा वेतन दिया जाए। जब तक वेतन नहीं मिलेगा, काम नहीं करेंगे। उधर, कर्मचारियों की हड़ताल से शहर में जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हैं। कचरे का उठान न होने से दुर्गंधभरा माहौल है। इस वजह से बीमारी फैलने का भी डर है। लोगों का कहना है कि हड़ताल के चलते शहर पूरी तरह से बदसूरत हो गया है। कच्चे कर्मचारी हड़ताल पर हैं तो कम से कम पक्के कर्मचारियों से ही सफाई करा दी जाए। नितिन ने कहा कि निर्धन कर्मचारियों को वेतन न मिलना और शहर में सफाई व्यवस्था चौपट होना बड़ी नाकामी है। सरकार को इस मामले में संज्ञान लेकर समाधान का रास्ता निकालना चाहिए ताकि लोगों को राहत मिल सके।

■ सफाईकर्मी मांगों को लेकर सातवें दिन भी हड़ताल पर



बहादुरगढ़। सब्जी मंडी के बाहर दूर तक लगा गंदगी का ढेर।